## मोला नदी के पुल पर 45 डिग्री का मोड़, रैलिंग भी नदारद

### वाहन दुर्घटना की आशंका बढ़ी, गड्ढों ने भी बढ़ाई मुसीबत,अंग्रेजों के जमाने का है पुल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर कस्बे की मोला नदी के पुल पर 45 डिग्री का मोड़ है। इस मोड़ पर कोई सांकेतिक चिन्ह भी नहीं लगा और जहां से वाहन सड़क से पुल की ओर मुड़ते हैं, वहां पर रैलिंग भी नदारद है। ऐसे में जब वाहन बहादुरपुर से मुंगावली की ओर जाते हैं तो पुल पर पहुंचते ही उनके दुर्घटनाग्रस्त होने की आषंका बढ़ जाती है। मुंगावली निवासी षिक्षक तिलक सिंह दांगी ने बताया कि बीते दिनों जब वह रात



के समय मुंगावली की ओर जा रहे थे तो उनका वाहन इस मोड़ पर पलटते-पलटते बचा। पुल की इस हालत पर पुराना बाजार निवासी विक्की साहू ने बताया कि कुछ महीनों पहले एक लोडिंग वाहन मोड़ पर अनियंत्रित होकर रैलिंग से जा टकराया था। जिससे वाहन तो नदी में गिरने से बच गया लेकिन रैलिंग टूट गई। इस टूटी हुई रैलिंग को आसामाजिक तत्व उखाड़ ले गए।

**पीडब्ल्यूडी ने बनाया, अब एनएचएआई के पासः**

बंगला चौराहा से मुंगावली के बीच बहादुरपुर पर मोला नदी बहती है। इस नदी पर अंग्रेजों के जमाने का एक पुल था, करीब 25 वर्ष पहले लोक निर्माण विभाग ने एक नया पुल बनाया। जिससे यहां एक मोड़ बन गया। बाद में यह पुल सड़क के साथ एमपीआरडीसी के पास चला गया। अब यह मार्ग नेषनल हाईवे घोषित हो चुका है। इसलिए सड़क सहित पुल का जिम्मा एनएचएआई के पास है। एनएचएआई के कुछ अधिकारी बीतें दिनों निर्माणाधीन सड़क पर मार्ग का निरीक्षण करने भी आए थे लेकिन उनकी नजर इस गंभीर स्थिति पर नहीं गई।

## पुलिस गिरफ्त में आया लूट का आरोपी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। 24 मार्च को पिपरई रोड़ पर दो अलग-अलग व्यक्तियों के साथ कट्टा अड़ाकर हुई लूट एवं छीना-झपटी के मामले पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के सहयोगी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।**

दरअसल 26 मार्च को राजा यादव पुत्र मुंशीलाल यादव निवासी ग्राम करमई और अमन पुत्र जगन्नाथ जाटव निवासी पठार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पिपरई के भड़ूली रोड़ पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उससे कट्टा अड़ाकर बाइक



सहित मोबाइल एवं पैसे छीन लिये है। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया, जिसके चलते लगातार प्रयासों के फलस्वरूप गुरूवार को को प्रकरण में फरार चल रहे धर्मवीर परिहार पुत्र प्रकाश परिहार निवासी छपराई माफी को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर में

### तात्याटोपे विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद सदस्य मनोनीत हुईं सुजाता



**बहादुरपुर।** क्षेत्र के बेरखेड़ी गांव की बेटी और अशोकनगर के लंबरदार मोहल्ला में निवासरत एडव्होकेट सुजाता अहिरवार को गुना के नवीन स्थापित तात्याटोपे विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में राज्यपाल द्वारा बीते 26 मार्च सदस्य मनोनीत किया गया है। वह इस कार्यपरिषद में जिले से एकमात्र सदस्य होंगी। वर्तमान में श्रीमति अहिरवार जिले के किशोर न्याय बोर्ड एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति में सदस्य हैं। उनके मनोनयन पर उनके ईष्ट मित्रों, परिजनों एवं अभिभाषक संघ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आज आएंगे सिंधिया दो घंटे रुक कर करेंगे जन सुनवाई

**पिपरई।** जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सिंधिया आज पिपरई पहुंचेगे। जहां वह पुरानी तहसील परिसर में जन सुनवाई करेंगे। इस दौरान वह आवेदकों से सीधी बात कर उनकी समस्या सुनेंगे और उनका निराकरण किया जावेगा। इसी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सीएमओ को जरूरी निर्देश दिए। इसके पहले श्री सिंधिया ग्राम पंचायत कजराई पहुंचेगे और इसके बाद ग्राम देसाईखेड़ा में सरपंच माधव मुकेश देसाई की पुत्री के विवाह उपरांत आशीर्वाद देने पहुंचेंगे। यहां से सीगोंन में नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे के निवास पर उनकी पुत्री के विवाह उपरांत आशीर्वाद देंगे। इसी प्रकार ग्राम गरेंटी में राजपाल सोलंकी और शुक्ला पूरी में पुत्र के विवाह पर दंपति को आशीर्वाद देंगे। इसके बाद वह मुंगावली के लिए रवाना होंगे।

### मारपीट की थाने में नहीं हुई सुनवाई, तो एसपी से गुहार लगाने पहुंचा पीड़ित परिवार

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा थाना अंतर्गत ग्राम कैथाई में खेत को लेकर हुए विवाद में मारपीट के शिकार हुए परिवार की जब थाने में सुनवाई नहीं हुई, तो पीड़ित परिवार गुरूवार को पुलिस अधीक्षक के पास गुहार लगाने पहुंचा, जहां उन्होंने बताया कि गांव के ही दंबगो द्वारा उनके साथ मारपीट की गई और जब वह इसकी रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने में पहुंचे तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। निरखू पुत्र चेतू अहिरवार ने बताया कि उनकी गांव में 5.6 बीघा जमीन है, जिस पर गांव के ही दबंगो द्वारा जबरन कब्जा कर लिया है। जिनमें से जब खेत छोड़ने की बात कहीं, तो उन्होंने उनके साथ घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें पत्नि व पिता को भी चोटे आई है। इसके अलााव उन्होंने बताया कि मारपीट करने वालों में उनके घर में आग भी लगा दी, लेकिन थाने में उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवार की बात सुनते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## विधायक के निरीक्षण में डॉक्टर मिले नदारद

### जिलाअस्पताल का विधायक राय ने किया निरीक्षण, डायलिसिस सुविधा पर जताया संतोष

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिलाअस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके, इसके लिए क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। निरीक्षण के दौरान विधायक जब वह OPD पहुंचे तो डॉ. राहुल को छोड़कर अधिकांश केबिन खाली मिले, जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। तो वहीं मौके पर सिविल सर्जन को बुलाकर अस्पताल की स्थिति पर चर्चा की और समस्याओं को दुरूस्त करने के निर्देश देते हुए समस्याओं की जानकारी ली। इस



दौरान सिविल सर्जन डॉ. भूपेंद्र शिखावत ने बताया कि जिलाअस्पताल में 17 डॉक्टरों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनके मुकाबले में 4 डॉक्टर ही अस्पताल में कार्यरत हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके अलावा विधायक ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए अस्पताल में कूलर और पंखों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं होने पर विधायक स्वयं आगे आए और मरीज की मदद की।

विधायक निरीक्षण के दौरान डायलिसिस वार्ड में पहुंचे, जहां मौजूद मरीजों से बातचीत कर उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त ली, जिस पर उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए कहा कि जिले में ही यह सुविधा उपलब्ध होना राहत की बात है। वहीं विधायक श्री राय ने शाढ़ौरा, ईसागढ़ और चंदेरी क्षेत्र के मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन स्थानों के अस्पतालों में भी डायलिसिस यूनिट स्थापित करने हेतु पत्र लिखने को कहा, जिससे मरीजों को परेशानी ना हो। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री राय ने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसके लिए व्यवस्थाओं में सुधार किया जाना आवश्यक है, इसके प्रयास किये जायेंगे।

## प्लॉटों पर अवैध कब्जा करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। प्लॉटो पर अवैध रूप से कब्जा करने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं उसके साथी की तलाश जारी है।**

दरअसल सतीश पुत्र चिंटू लाल लोधी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि सुशील श्रीवास्तव एवं अरविंद श्रीवास्तव द्वारा उसके प्लॉट पर बलपूर्वक कब्जा कर जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट के बाद हुई विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा अन्य कई प्लॉटों पर भी अवैध कब्जा किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के निर्देश मुनादी कराकर आमजन से अपील की गई कि यदि किसी के साथ इस प्रकार की घटना हुई हो तो निडर होकर थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराएं। मुनादी के बाद 24 मार्च लक्ष्मण पुत्र लाडले लोधी द्वारा आरोपियों पर प्लॉट कब्जा करने की बात कहते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी ये आरोपी जबरन प्लॉटों पर कब्जा कर उनकी कालाबाजारी करते थे। प्रकरण दर्ज होने के पश्चात से ही आरोपीगण अपने परिवार सहित फरार हो गए थे। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप गुरूवर को पुलिस द्वारा अरविंद श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया। तो वहीं अन्य फरार आरोपी सुशील श्रीवास्तव की तलाश पुलिस द्वारा की जा रहीं है।

## मांगों को लेकर विद्युत कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**12 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे कर्मी**

**चरणबद्ध आंदोलन में 6 को भोपाल में प्रदर्शन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित अन्य मांगो को लेकर विद्युत कर्मचारियों द्वारा गुरूवार को विद्युत मंडल में धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया। तथा अपनी मांगो को जायज ठहराते हुए उनकी निराकरण करने की बात कहीं।

दरअसल गुरूवार को मध्य प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा लगातार कर्मचारियों की मांगों को लेकर आवेदन निवेदन किये जा रहे है, लेकिन कोई निराकरण न होने की बजह से महासंघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन का आगाज



किया गया है। जिसके चलते जहां गुरूवार को जिलामुख्यालय विद्युत मंडल पर कर्मचारियों द्वारा धरना देते हुए प्रदर्शन किया। तो वहीं आगामी 6 मार्च को भोपाल में प्रदर्शन करते हुए ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**विद्युत कर्मचारियों की ये हैं प्रमुख मांगे:**

विद्युत कर्मचारियों द्वारा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स श्रमिकों को हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल की स्थापना करना,विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की जाए एवं मंडल के समय से नियुक्त मीटर रीडरों का संविलियन करने सहित 12 सूत्रीय मांगे रखी गई।

## पुलिस के साये में कराई गई नगर की सफाई

**सफाईकर्मियों की दसवें दिन भी जारी रही हड़ताल**

**प्रशासन ने कचरे के ढेर पर चलाया बुलडोजर**

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों अपनी मांगो को लेकर की जा रहीं हड़ताल दसवे दिन भी जारी रहीं। जिसके चलते शहर के विभिन्न स्थानों पर कचरे ढेर लग गए। तो वहीं जगह-जगह कचरा होने की बजह से अब यह कचरा बदबू मारने लगा। जिसके चलते प्रशासन द्वारा पुलिस की मौजूदगी में शहर में सफाई कराई गई। इस दौरान नपा का बुलडोजर भी चलता दिखाई दिया, जिससे बड़े-बड़े कचरे के ढेर उठते हुए दिखाई दिए।

दरअसल नपा के सफाईकर्मियों की हड़ताल के दसवें दिन भी जारी है, तो वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उनकी वार्ता रही असफल रहीं। जिसके चलते पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस की मौजूदगी में धर्मशाला में रखें कचरा वाहन को



मुक्त कराया गया। जिसके बाद अनुविभागीय अधिकारी मनीष धनगर, एसडीओपी महेश शर्मा, नगर निरीक्षक ने अपने सामने कचरा गाड़ी को पुलिस मौजूदगी में शहर की सफाई के लिए रवाना किया। सफाईकर्मी अपनी आठ सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर है। जिसके चलते उनका प्रदर्शन जारी है, लेकिन इस प्रदर्शन के बीच शहर कचरे के ढेर में तब्दील हो गया। जिसके चलते हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुलिस की मौजदूगी में साफ-सफाई कराई गई। वहीं सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मियों से लगातार वार्ता जारी है, पर कोई स्थाई रूप से हल नहीं निकल पा रहा है। हनुमान जयंती के निकलने वाले चल समारोह को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए पुलिस की मौजूदगी में सफाई करवाने का फैसला लिया गया था।

***इनका कहना है।***

*हनुमान जयंती के अवसर पर चल समारोह निकाला जा रहा, इसलिए पुलिस मौजूदगी में सफाई व्यवस्था कराई गई है। सफाई कर्मी जो हड़ताल पर नहीं थे, उन सभी ने अपनी सेवाएं शहर हित में दी है और आगे भी ऐसी ही सुचारू रूप से व्यवस्था बनी रहेगी। हड़ताल कर्मियों के साथ भी वार्ता जारी है पर अभी कोई फैसला नहीं हो पाया है।*

***मनीष धनगर,***
***एसडीएम चंदेरी***

### किसानों की 10 मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**अशोकनगर।** जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार योगेंद्र त्रिपाठी को ज्ञापन देकर बताया कि मध्यप्रदेश के किसान वर्तमान में आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं और उन्हें तत्काल राहत की आवश्यकता है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**धर्म-कर्म** | **सुदंरकांड, भंडारों का हुआ आयोजन, दोपहर में निकाली गई शोभायात्रा**

## हनुमान जन्मोत्सव पर जिले के मंदिरों पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में हनुमान जन्मोत्सव पर भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक हनुमान मंदिरों पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखने को मिला। तो वहीं शहर के प्रसिद्ध मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इसके अलावा दोपहर में नगर के विभिन्न अखाड़ो द्वारा शोभायात्रा निकाली गई, जिनमें बग्गी में भगवान को सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। तो वहीं शोभायात्रा में शामिल अखाड़े के पहलवानों द्वारा करतब दिखाए गए।

दरअसल हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर के हनुमान मंदिर पर विशेष साज सज्जा की गई, तो वहीं प्रसादी के रूप में कही पर लड्डुओं का भोग, तो कहीं पर गुड़ चन्ना का भोग अर्पित किया गया। शहर के तारबाले बालाजी मंदिर पर सुबह से भक्तों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान को हार,



प्रसाद अर्पण करते हुए सुख समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं दोपहर बाद निकाली गई शोभायात्रा में श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर व्यायाम शाला, वीर बजरंग व्यायाम शाला व्यायाम शाला के प्रशिक्षणर्थीयों द्वारा अखाड़े के दौरान विभिन्न करतब दिखाए।

**अन्नकूट और भंडारे का हुआ आयोजनः**

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिले के विभिन्न हनुमान मंदिर पर अन्नकूट एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर, मोहरी स्थित मेहंदीपुर बालाजी धाम, तारबाले बालाजी मंदिर, मनसा पूरण हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर सहित मंदिरों पर भंडारे के साथ अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया।

### प्रभात फेरी निकाल कर नगर के मंदिरों में मनाया हनुमान प्राकट्य दिवस

**मुंगावली।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में जगन्नाथ स्वामी मंदिर मलखवानी बावड़ी से प्रभात फेरी का चल जलूस निकाला गया। जो नगर के पोस्ट ऑफिस चौराहे, टॉकीज रोड, झिरिया मंदिर शीतला माता मंदिर, ताम्रकार मोहल्ला कछीयाना मोहल्ला से श्री रामलीला मंच अथाई मोहल्ला, नया बाजार पोस्ट ऑफिस चौराहा,गौड पूरा, बस स्टैंड जय स्तंभ चौराहे से होता हुआ वापस श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पर महाआरती कर प्रसाद वितरण कर श्री राम जी एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ महाआरती कर प्रसाद वितरण कर समापन किया गया। इस प्रभात फेरी में भक्तों द्वारा श्री राम धुन और हनुमानजी के जयकारों पर भजन करते हुए इस प्रभात फेरी में शामिल रहे। वही श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। जहा लोगों ने भगवान को भोग स्वरूप मगध के लड्डू एवं चनाचिरौंजी और गुड़ का प्रसाद चढ़ाया। इसके अलावा मीठी झिरिया स्थित हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण का पाठ शुरू हुआ है,जो कल महाआरती के बाद समापन होगा।

**टेकरी पर उमड़ी भक्तों की भीड़ः**

**शाढौरा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर में भक्तिमय माहौल के बीच स्थानीय बस स्टैंड हनुमान मंदिर से मुख्य मार्गो से भव्य रुप में प्रभात फेरी निकाली गईं। प्रभात फेरी में बगगी में हनुमान जी के चित्र को विराजमान कर विद्युत झालर से आकर्षक सजाकर प्रभात फेरी निकली गई। चैती पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर आस्था एवं विश्वास का केन्द्र हनुमान टेकरी धाम पर सुबह से ही माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा,जो शाम तक चलता रहा। तो वहीं अंन्नकूट एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा।





## हनुमान जन्मोत्सव पर किन्नरों ने चढ़ाया 10 किलो का घंटा

नवभारत न्यूज

**नईसरांय।** गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर किन्नर समाज ने चल समारोह निकालकर झिरिया बारे हनुमान मंदिर पर घंटा एवं झंडा चढ़ाया गया। तो वहीं कस्बे में कुछ से दूर पर सुन्दर नगर कॉलोनी में स्थित किन्नर समाज द्वारा पैदल चल समारोह निकाला गया, जिसमें डीजे कि धुन पर नाचते हुए वह भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे। तो वहीं झिरिया सरकार मंदिर पहुंचकर हनुमान को पीतल का 10 किलो का घंटा अर्पित किया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह

**चंदेरी।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तिमय माहौल के बीच देर शाम बालाजी हनुमान मंदिर से एक चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बग्गी में हनुमान जी के चित्र को विराजमान कर विद्युत झालर से आकर्षक संजाकर निकाला गया। चल समारोह में भक्तों ने भजनों और जयकारों के साथ भगवान हनुमान की आराधना की। चल समारोह नेतृत्व ब्राह्मण समाज द्वारा किया गया।